नवभारत
भोपाल, शनिवार, 1 अगस्त 2026

मरामझिरी स्टेशन पर रेलवे का नया स्टेशन और गुड्स शेड बनाने की तैयारी

नवभारत न्यूज

बैतूल, 31 जुलाई. बैतूल रेलवे स्टेशन के साथ ही अब मरामझिरी भी रेलवे का बड़ा सेंटर बनने जा रहा है। यहां न केवल रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग बनाई जा रही है, बल्कि व्यवस्थित गुड्स शेड भी बनेगा। जिससे यात्रियों के साथ ही हम्मालों और यहां कार्य करने वाले अन्य लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

कर्मचारियों के साथ-साथ यात्रियों को मिलेगी सुविधा

गुड्स शेड बनने से शहर का ट्रैफिक होगा कम

दरअसल अभी मरामझिरी स्टेशन की बिल्डिंग एक तरफ है। स्टेशन के आगे दोनों प्लेटफॉर्म है। स्टेशन के आगे ही डाउन लूप लाइन, मेन लाइन, अप मेन लाइन, अप लूप लाइन-1 और अप लूप लाइन 2 है। नए स्टेशन पर स्टेशन बिल्डिंग बीच में आएगी। स्टेशन के आगे की ओर तो यह 5 लाइनें होगी और फिर पीछे की ओर तीसरी लाइन, तीसरी लाइन की लूप लाइन, चौथी लाइन और फिर उसके बाद गुड्स शेड की 2 लाइनें रहेंगी। इस पूरे कार्य पर 35 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च होगी। इन सभी कार्यों की मंजूरी भी हो चुकी है और जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। बैतूल में स्थित रेलवे के गुड्स शेड के कारण शहर के गंज क्षेत्र में ट्रैफिक की बदहाल स्थिति हो जाती है। यही कारण है कि इसे अन्यत्र ले जाने की मांग लंबे समय से हो रही है। इससे पिछले कुछ समय से मामझिरी में लोडिंग-अनलोडिंग का काम किया भी जा रहा है। हालांकि अब यहां पर व्यवस्थित

गुड्स शेड बनाया जा रहा है। इसके साथ मरामझिरी को रेलवे के बड़े सेंटर के तौर पर भी विकसित किया जा रहा है। इसके लिए यहां नई स्टेशन बिल्डिंग भी बनाई जाएगी। इस पर 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। वहीं गुड्स शेड के निर्माण पर 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

फुट ओवरब्रिज का अभी नहीं है प्रावधान : रेलवे द्वारा नई बिल्डिंग और गुड्स शेड तो बनाया जा रहा है, लेकिन वहां फुटओवर ब्रिज का फिलहाल प्रावधान नहीं है। इससे यात्रियों और खुद रेलवे स्टाफ को पटरियां पार करके प्लेटफॉर्म तक जाना होगा। इसके अलावा यात्रियों और रेलवे स्टॉफ को अपनी गाडियों की चिंता अलग सताती रहेगी। उनके चोरी जाने का डर हमेशा बना रहेगा। इसकी वजह यह है कि स्टेशन तो पटरियों के बीच में होगा और उन्हें गाडियां गुड्स रोड के भी बाद में पार्क करना होगा। इससे डयूटी के साथ ही उन्हें अपनी गाडियों पर भी लगातार ध्यान बनाए रखना होगा। अभी वर्तमान में एक तरफ रेलवे स्टेशन है तो सामने की ओर पटरी है। ऐसे में रेलवे कर्मचारी स्टेशन के पास ही अपनी गाडिया खड़ी कर देते है। लेकिन स्टेशन की नई बिल्डिंग और गुड्स शेड बनने के बाद व्यवस्थाएं बदल जायेगी।

> अभी मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है। मैं पता करके ही बता पाऊंगा।
> **- संजय मूले,** पीआरओ, रेलवे मंडल नागपुर

गुड्स शेड के कारण ट्रैफिक होता है प्रभावित

अभी रेलवे का गुड्स शेड बैतूल रेलवे स्टेशन पर है। जिसके कारण माल की लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान बड़ी संख्या में ट्रकों का आना-जाना होता है। ऐसे में यहां हमेशा टैफिक की समस्या बनी रहती है। यही कारण है कि इसे अन्यत्र ले जाने की मांग लंबे समय से हो रही है। इससे पिछले कुछ समय से मरामझिरी में लोडिंग-अनलोडिंग का काम किया भी जा रहा है। हालांकि अब यहां पर व्यवस्थित गुडस शेड बनाया जा रहा है। इसके साथ मरामझिरी को रेलवे के बड़े सेंटर के तौर पर भी विकसित किया जा रहा है। इसके लिए यहां नई स्टेशन बिल्डिंग भी बनाई जाएगी। वहीं गुड्स शेड का निर्माण भी होगा। जिससे बैतूल स्थित स्टेशन पर ट्रकों की संख्या में कमी आयेगी और लोगों को भी ट्रैफिक की समस्या से मुक्ति मिल पायेगी।

नई स्टेशन बिल्डिंग में यह सुविधाएं

नई स्टेशन बिल्डिंग में एक तो रिले रूम या पैरल रूम होगा। जिसमें 7 से 8 कमरें होंगे। इन कमरों में रिले रुम, बैटरी डाटा लागर, एक्सल काउंटर, मेंटेनेस रूम, डयूटी रूम, सीनियर सेक्शन इंजीनियर रूम, स्टेशन प्रबंधक रूम, डिप्टी एसएस रूम रहेंगे। इसके अलावा एक बिल्डिंग कमर्शियल की रहेगी। इसमें बुकिंग ऑफिस, वेटिंग रूम, गुड्स शेड ऑफिस, लेबर रूम, कांट्रैक्टर रुप्म, अलग-अलग टॉयलेट या वात रूम रहेंगे। अभी यहां एक बैंग गेस्ट हाउस है, इसे तोड ?र नया रेस्ट रूम बनाया जाएगा। गुड्स रोड के लिए लोडिंग अनलोडिंग के लिए 2 प्लेटफॉर्म रहेंगे। यह फुल हाईट के रहेंगे। इसके अलावा पैसेंजर ट्रेनों के लिए 3 प्लेटफॉर्म रहेंगे। यह मीडियम लेवल या हाफ लेवल के रहेंगे। वर्तमान में यहां नाम मात्र का ही प्लेटफॉर्म है और न ही यात्रियों के लिए कोई खास सुविधाएं हैं। ट्रेन का इंतजार हुए यदि बारिश हो जाए तो सिर करते छिपाना मुश्किल हो जाता है।

एक नजर में

39 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य

पाथाखेड़ा। शिक्षा के क्षेत्र में 39 वर्षों तक समर्पित रहे प्राचार्य अतुलकर, अनुशासित और प्रेरणादायी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त प्राचार्य के.के. अतुलकर को गुरुवार शाम आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। परिवारजनों, रिश्तेदारों, सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों की उपस्थिति में आयोजित समारोह भावनाओं और सम्मान से ओतप्रोत रहा। अपने संबोधन में अतुलकर ने कहा कि घोड़ाडोंगरी विकासखंड में उन्हें सदैव अपार स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला, जिसे वे जीवनभर संजोकर रखेंगे। बीआरसी पीसी बोस ने उनके सराहनीय कार्यों को याद करते हुए विभाग में उनके योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर पर पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

कल से प्रारंभ होगा अखंड रामायण पाठ

बैतूल। रामचरित मानस एहि नामा, सुनत श्रवण पायहि विश्रामा। श्री शिव मंदिर राजेंद्र वार्ड में कल रविवार अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ प्रात:होगा और पारायण सोमवार को होगा। आयोजन समिति के ब्रजेश अक्कु मगरे ने बताया कि यह पाठ अच्छी बारिश और लोक मंगल कामना के लिए किया जा रहा है। श्री मगरे ने सभी मानस प्रेमियो को पवित्र श्रावण मास में प्रभु श्री राम जी पावन चरित के पुण्यमय ग्रंथ श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ में शामिल होने का अनुरोध किया।

विद्युत कर्मचारी की आमसभा और रैली कल

बैतूल। मध्यप्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन का लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर आंदोलन अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है। संगठन के जिला अध्यक्ष अंशुल देशपांडे ने बताया कि कल 2 अगस्त भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में अम्बेडकर मैदान, भोपाल में विशाल आमसभा, रैली एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बैतूल जिले से बड़ी संख्या में बिजली आउटसोर्स कर्मचारी भोपाल के लिए रवाना हो रहे हैं। श्री देशपांडे ने बताया कि प्रदेश से 25000 से अधिक बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों के भोपाल पहुंचने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

मंडी शुल्क वृद्धि के खिलाफ जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

बैतूल। मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कृषि उपज मंडी पहुंचे। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंडी गेट पर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मंडी शुल्क 1.5 प्रतिशत किए जाने के फैसले को किसान और व्यापारी विरोधी बताया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने

चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मंडी शुल्क वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया तो किसानों और व्यापारियों के साथ प्रदेशभर में उग्र जनआंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी। उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र (धीरू) शर्मा ने बताया कि मंडी शुल्क बढ़ने से किसानों, व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्योगों और आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार ने जल्द फैसला वापस नहीं लिया तो प्रदेशभर में किसानों और व्यापारी संगठनों के साथ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि मंडी शुल्क बढ़ने से कृषि उपज के व्यापार की लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर किसानों को मिलने वाले मूल्य और उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाली वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। कांग्रेस ने दावा किया कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश में अधिक मंडी शुल्क लागू होने से व्यापार दूसरे राज्यों की ओर स्थानांतरित हो सकता है, जिससे प्रदेश के व्यापार, निवेश और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 03 वाहन जप्त

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 30 जुलाई को खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के आठनेर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनिज अमले द्वारा आठनेर क्षेत्रांतर्गत गौण खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा खनिज

अमले के साथ आठनेर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बोरपानी के पास से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों क्रमश: 01 ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडबी 7670 एवं 02 स्वराज ट्रेक्टर बिना नंबर को जप्त कर पुलिस थाना आठनेर की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

10 अगस्त को राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह-जेल भरो आंदोलन

बैतूल। केंद्र सरकार की श्रमिक और किसान विरोधी नीतियों के विरोध में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच एवं संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर 10 अगस्त को राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह एवं जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत बैतूल जिला मुख्यालय पर भी बड़ा प्रदर्शन आयोजित होगा, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका एकता यूनियन, आशा-ऊषा संगठन, ऑटो चालक एकता यूनियन, कोल माइंस पाथाखेड़ा व लाल झंडा यूनियन, रोजगार निर्माण यूनियन सहित विभिन्न किसान संगठन शामिल होंगे। सीटू के जिला अध्यक्ष कामरेड कुंदन राजपाल ने बताया कि आंदोलन के माध्यम से केंद्र सरकार से चारों श्रम संहिताएं वापस लेने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर मंडियों में एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करने, किसानों को पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध कराने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने, आठ घंटे कार्यदिवस यथावत रखने, वीबी-ग्रामजी कानून निरस्त करने, कार्य दिवस व मजदूरी बढ़ाने, वर्ष में 200 दिन रोजगार देने, बिजली संशोधन विधेयक-2025 वापस लेने, स्मार्ट मीटर और बिजली बिलों के नाम पर हो रही लूट बंद करने सहित अन्य मांगें उठाई जाएंगी।

प्रधानमंत्री युवाओं से करेंगे वर्चुअल संवाद

बैतूल। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत आगामी 2 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के युवाओं को वर्चुअली संबोधित करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक एवं संगठित करना तथा नशा मुक्त भारत और विकसित भारत 2047 के संकल्प में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। जिला युवा अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली ने बताया कि देशभर में लगभग 10 हजार स्थानों पर युवाओं को वर्चुअल रूप से जोड़ा जाएगा। इसी क्रम में माय भारत, बैतूल द्वारा जिले में 50 से अधिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें माय भारत वॉलंटियर्स, एनएसएस स्वयंसेवक, युवा क्लबों, स्कूल कॉलेजों, आध्यात्मिक संगठनों एवं अन्य युवा संगठनों की सहभागिता रहेगी। इस कार्यक्रम के दौरान वॉकथॉन, खेल एवं फिटनेस गतिविधियां, ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक तथा सिग्नेचर कैंपेन जैसी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी सामूहिक रूप से नशा मुक्ति शपथ लेंगे और स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अन्य युवाओं को भी नशे के विरुद्ध प्रेरित करने का संकल्प करेंगे। नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान को केवल एक दिवसीय आयोजन तक सीमित नहीं रखा जाएगा। प्रधानमंत्री जी के वर्चुअल संवाद के बाद 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार खेल, संस्कृति, फिटनेस, ध्यान, जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे नशा मुक्ति का संदेश एक सतत युवा जनआंदोलन का रूप ले सके।

एक अभिनव प्रयास एवं पंच-ज अभियान के अंतर्गत पौधरोपण

बैतूल। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार उल्लास: एक अभिनव प्रयास एवं पंच-ज अभियान अंतर्गत शासकीय एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर बैतूल में 31 जुलाई को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा बेल, आवला तथा अन्य प्रजातियों के पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विद्यालय प्राचार्य व अन्य शिक्षकगण, लीगल एड डिफेंस काउंसल बैतूल के सदस्यों के द्वारा भी पौधे रोपित किये। इस प्रकार कुल 25 पौधे रोपित किये गये। इसके पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा विधिक साक्षरता क्लब एवं विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सचिन कुमार घोष, कैलाश नारायण अहिरवार, डॉ. कु. महजबीन खान, श्रीमती सोमप्रभा चौहान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती संगीता भारती राठौर, सचिव जिला प्राधिकरण शर्मिला बिलवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी मिथिलेश डेहरिया, विद्यालय प्राचार्य श्री पांडे एवं अन्य न्यायाधीशगण, लीगल एड डिफेंस काउंसल स्टाफ, जिला प्राधिकरण कर्मचारी उपस्थित रहे।

मां ताप्ती मंदिर ट्रस्ट की हुई बैठक संपन्न

मुलताई। मां ताप्ती जन्मोत्सव के बाद शुक्रवार को मंदिर ट्रस्ट की बैठक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के पुजारियों एवं कर्मचारियों का मानदेय ब ?ने का निर्णय लिया गया। बैठक में मां ताप्ती जन्मोत्सव के दौरान विभिन्न कार्यों एवं व्यवस्थाओं पर हुए व्यय के बिलों का भुगतान किया गया। इस अवसर पर मंदिर की दान पेटी खोली गई, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई 2लाख 14 हजार 350 की राशि प्राप्त हुई। ट्रस्ट द्वारा दान राशि का विधिवत लेखा-जोखा तैयार किया गया तथा निर्णय लिया गया कि इस राशि का उपयोग मंदिर के विकास, धार्मिक

आयोजनों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। बैठक में मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी तहसीलदार संजय बरैया, थाना प्रभारी विकास पटेल सहित ट्रस्ट सदस्य गोलू खंडेलवाल, महेश पाठक, चिंटू खन्ना,किशोर सिंह परिहार, श्री राजेंद्र भार्गव चंदू देशमुख गगनदीप खेरे, प्रशांत भार्गव, अनिल पंडाग्रे, सौरभ जोशी, अजय शिवहरे, संजय पाटनकर एवं सुमित शिवहरे उपस्थित रहे। बैठक के अंत में ट्रस्ट सदस्यों ने मां ताप्ती मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

कन्या शाला की 50 छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिल

बैतूल। ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने और उनकी पढ़ाई को सुगम बनाने के उद्देश्य से ई.एफ.ए. शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बैतूल गंज में कक्षा 9वीं की 50 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं के माता-पिता, पालक एवं विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे ने कहा कि नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना से छात्राओं में शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा है। पहले

की तुलना में अब ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्राएं विद्यालयों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना बेटियों को शिक्षा से जोड़ने में प्रभावी साबित हो रही है। प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर चुकी छात्राओं को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सर्वाधिक छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों से अध्ययन करने आती हैं तथा बैतूल शहर से लगे कई गांवों की छात्राएं यहां शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। योजना के तहत सभी वर्गों की पात्र छात्राओं को लाभ प्रदान किया जा रहा है। महेश गुंजेले ने बताया कि शासन ने योजना का विस्तार करते हुए उन छात्राओं को भी शामिल किया है, जिनके गांव में माध्यमिक, हाई स्कूल अथवा हायर सेकेंडरी विद्यालय उपलब्ध नहीं हैं और जो दूसरे गांव स्थित शासकीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेती हैं। योजना लागू होने से पहले अनेक छात्राएं केवल परिवहन सुविधा के अभाव में प्रारंभिक शिक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ देती थीं, क्योंकि गांव से बाहर स्थित विद्यालय तक पैदल पहुंचना कठिन और असुरक्षित था।

कार्रवाई गौ तस्करों ने पीछा कर रही बोलेरो को मारी टक्कर, एक आरोपी गिरफ्तार

गौ तस्करी पर कार्रवाई, 2 पिकअप और टवेरा जब्त, 10 गौवंश बरामद

बैतूल। बीजादेही थाना पुलिस और राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने गौ तस्करी के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए देर रात दो पिकअप और एक टवेरा वाहन जब्त कर 10 गोवंश सुरक्षित बरामद किए। कार्रवाई के दौरान बाबई निवासी सफील खाँ को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक बोलेरो सवारी वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गौवंश से भरे वाहनों को कथित रूप से बॉर्डर पार कराने में मुखबिर की भूमिका निभाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी गौ तस्करी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि रात करीब 2 बजे सूचना मिली

थी कि शिवनी मालवा क्षेत्र से दो सफेद पिकअप वाहनों में गोवंश को कथित रूप से क्रूरतापूर्वक भरकर चिचोली मार्ग से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों ने बिजादेही पुलिस को अवगत कराया और चिरापाटला के पास निगरानी शुरू की गई। राष्ट्रीय हिन्दू सेना सदस्य बंटी यादव के अनुसार, पिकअप वाहन दिखाई देने पर उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक तेज गति से चिचोली की ओर भाग निकले। संगठन की दूसरी टीम ने भी वाहनों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वाहन चुनाहजुरी होते हुए पोफलिया-बीजादेही मार्ग की ओर निकल गए। इसके बाद पुलिस और राष्ट्रीय हिन्दू सेना के सदस्यों ने करीब 20 किलोमीटर तक पीछा कर जंगल क्षेत्र में दोनों पिकअप और गौ तस्करी में प्रयुक्त एक टवेरा वाहन पकड़ लिया। राष्ट्रीय हिन्दू सेना सदस्य अमित अंगद यादव ने बताया कि पीछा करने के दौरान कथित गौ तस्करों ने संगठन के सदस्यों की बोलेरो सवारी वाहन को टक्कर मार दी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बावजूद पुलिस और संगठन के सदस्य कार्रवाई में जुटे रहे। वाहनों की तलाशी में गोवंश को कथित रूप से अत्यंत अमानवीय तरीके से रस्सियों से चारों पैर बांधकर पिकअप में भरा गया था।

चलती पिकअप से जंगल में फेंके गए गौवंश

राष्ट्रीय हिन्दू सेना सदस्य रोहित दिवान ने बताया कि दोनों पिकअप में करीब 19 गोवंश होने की जानकारी मिली थी। पीछा किए जाने के दौरान एक पिकअप में सवार आरोपियों ने कथित रूप से चलते वाहन से 8 गोवंश जंगल में फेंक दिए। सभी गोवंश को सुरक्षित बरामद किया गया। वहीं पुलिस की मौजूदगी में 10 गोवंश को सुरक्षित स्थान पहुंचाया गया। राष्ट्रीय हिन्दू सेना सदस्य सत्यम विश्वकर्मा ने बताया कि पूछताछ में काफिर पिता अमीर खाँ, निवासी कुमार मोहल्ला, बाबई ने कथित रूप से बताया कि गोवंश से भरी पिकअप जानू खाँ और सबदल खाँ, निवासी सेमरी, बाबई की है। वाहन चालकों के रूप में सेटी, सबदल और आशीष यादव निवासी बुजरवाड़ा के नाम भी सामने आए हैं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मिला सम्मान

बैतूल। ई.एफ.ए. शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंज बैतूल में 15 से 29 जुलाई तक आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे के मार्गदर्शन में हुआ। प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि पखवाड़े का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। पखवाड़े के दौरान छात्राओं के लिए भाषण, निबंध लेखन, संस्कृत श्लोक, भजन एवं गुरु वंदना प्रस्तुति, योगाभ्यास, करियर मार्गदर्शन, प्रेरक व्याख्यान, एक गुरु-एक वृक्ष अभियान के तहत वृक्षारोपण, छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति एवं संस्कार विषयक चर्चा, स्वच्छता अभियान तथा गुरु-शिष्य प्रेरणा संवाद जैसे विविध कार्यक्रम

आयोजित किए गए। 28 जुलाई को मानव उत्थान सेवा समिति के महात्मा सौम्यानंद ने छात्राओं को गुरु के महत्व, अनुशासन, संस्कार, सफलता के मूल्यों एवं नशे से दूर रहने का संदेश दिया। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे, वरिष्ठ शिक्षक के.जी. बारमासे एवं एस.के. नरवरिया ने पुरस्कार प्रदान किए। भाषण प्रतियोगिता में परी चरपे प्रथम, शिफा शेख द्वितीय तथा पूजा झरबड़े तृतीय रहीं। निबंध प्रतियोगिता में हनी कहार प्रथम, प्रिसिअस बारसे द्वितीय एवं प्राची विश्वकर्मा तृतीय रहीं। कविता गायन में हनी कहार ने प्रथम, मुस्कान उईके ने द्वितीय तथा प्रीति बरकड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ई.एफ.ए. मीडिया टीम की साक्षात्कार रिपोर्टिंग में मोनालिका साहू एवं यशवी सोनी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।